सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय, पटेल नगर में
भारत छोडों आंदोलन की 75 वीं वर्ष गाँठ
संकल्प दिवस के रूप में

16 अगस्त 2017

''संघर्ष त्याग और बलिदान से आई स्वतंत्रता को हम सब मोन्टफोर्शियन का प्रणाम।"

वक्त कम है, जितना दम है लगा दो।

कुछ लोगों को मैं जगाता हूँ, कुछ लोगों को तुम जगा दो।"

नवयुग अपने आप नहीं आएगा, नवयुग को हम लाएंगे ।

एक नया भारत हम बनाएंगे, एक नया भारत हम बनाएंगे ।

यही नया संकल्प तो यहाँ जीवन में है।"

यही संकल्प हमारे देश के कर्णवीरों ने 1942 को 'भारत छोड़ो आंदोलन के रूप में लिया और 1947 को यह महान संकल्प देश की स्वंतत्रता के रूप में पूर्ण रूप से सामने आया । इसी भारत – छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्ष गाँठ 2022 को सी. बी. एस. सी. विद्यालयों में एक पर्व की तरह पंचवर्षीय योजना के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया है।

इसी के अंतर्गत आज 16 अगस्त 2017 को सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स, उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज, सिस्टर एनलीट, सिस्टर निकिता, श्रीमती ज्योति नायर, समस्त शिक्षकगण के साथ सभी छात्रों ने भारत के नव–निर्माण का प्रण लिया कि आगामी 2022 तक (2017 से 2022 तक की अवधि में)तन, मन, और कर्म से कार्य कर भारत को गरीबी –मुक्त, भ्रष्टाचार – रहित आतंक–वाद मुक्त, संप्रदायवाद, जातिवाद से रहित, तथा स्वच्छ भारत के रूप में बदलकर नये भारत के निर्माण में सहभागी होंगे।

इस अवसर पर प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों की कुर्बानियों से स्वतंत्रता को जो सूरज उदित हुआ है यह सफर अनंतकाल तक जारी रहे। अब इस स्वतंत्रता को बनाये रखना, आप भावी –नागरिकों का कर्त्तव्य है। इस कामना को सफलीभूत बनाने के लिए हमें, बहुत कुछ करना है आपको करना है। हम पहले स्वयं अनुशासित होगें तभी समाज और देश के लिए अपने कर्त्तव्य का निर्वहन कर सकेंगे।

प्राचार्य

****